दिनांक 29.07.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

न्यू जलाराम स्वीट्स सहित अन्य लोगों ने नाली पर डाला मलबा, निगम ने 6 लोगों पर लगाया जुर्माना, नाली सफाई में बाधक बन रहे अतिक्रमण के खिलाफ हो रही है कार्रवाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत नाली पर मलबा डालने , कचरा डालने, अतिक्रमण करने या नाली पर रैम्प , चबूतरा एवं अन्य प्रकार के निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। नाली सफाई में बाधा बन रहे स्थानों पर तोड़फोड़ कर नाली को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर सभी जोन कार्यालय की टीम अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है! नाली में कचरा फेंकने या मलबा डालकर नाली पाटने वालों को चिन्हित कर ऐसा करने वालों से जुर्माना लिया जा रहा है , साथ ही नाली से मलबा हटाया जा रहा है , ताकि सफाई कार्य में कोई बाधा न आए और पानी प्रवाहित होता रहे। आज नाली पर मलबा डालने वालों से 9 हजार रूपए जुर्माना वसूल किया गया। जोन 02 वैशाली नगर जोन आयुक्त पूजा पिल्ले के निर्देश पर नाली को कब्जा मुक्त करने तथा नाली सफाई अभियान के तहत आज दूसरे दिन वैशालीनगर अंतर्गत कैलाश नगर में कार्यवाही की गई। वार्ड क्रमांक 16 कैलाश नगर में न्यू जलाराम स्वीट्स के समीपस्थ दुकानों के निर्माण हो रहे हैं उनके द्वारा ट्रक से निर्माण से संबंधित सामग्री लाने ले जाने के लिए नाली में मलबा डाल दिया गया था , जिससे नाली जाम होने पर पानी निकासी नहीं हो पा रहा था। स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह ने बताया कि आस पास के नागरिकों से शिकायत प्राप्त होने पर टीम मौके पर पहुंची और नाली से मलबा निकालकर सफाई कराई गई जिससे पानी बिना अवरोध के निकल सके। नाली में मलबा डालने वाले 6 लोगों से जुर्माना के रूप में अर्थदण्ड भी वसूला गया , और समझाईश दी गई कि दोबारा ऐसा न करे। नाली में मलबा डालने वाले कुरूद के प्रदीप शर्मा से 2000 हजार रूपए, न्यू जलाराम स्वीट्स से 1000 हजार रूपए, बनारसी स्वीट्स से 1000 हजार रूपए, दीपेश शर्मा से 2000 हजार रूपए, मनोज वर्मा से 2000 हजार रूपए सहित कुल 9000 हजार रूपए जुर्माना वसूल किया गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व जवाहर मार्केट में नाली पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही की गई थी!

जनसम्पर्क अधिकारी